# शिव सिंह शेखावत और महिपाल गुट के आठ लोग गिरफ्तार

- **राजधानी के चित्रकूट इलाके में शुक्रवार को राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच मारपीट व फायरिंग का मामला**
- **दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट का शनिवार को मामला दर्ज करवाया है।**

**जयपुर।** चित्रकूट इलाके में शुक्रवार को राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि मामले पुलिस ने राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत के साथ उसके 6 साथियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा महिपाल सिंह मकराना के दो साथियों को भी गिरफ्तार किया गया हैं इस मामले में दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट का शनिवार को मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, मारपीट में घायल हुए महिपाल सिंह मकराना का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं दूसरी ओर दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट और फायरिंग का आरोप लगा रहे है। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए है। पुलिस इन वीडियो की मदद से इस पूरे मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी सहित अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल में जुटी है। फिलहाल दोनों पक्षों के आरोपियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

शिव सिंह शेखावत ने बताया कि 'मकराना का शुक्रवार को मेरे छोटे भाई के पास फोन आया था। कह रहा था कि बैठकर बात कर लेते हैं। सभी बात कर रहे थे। वो शायद नशे में था। इस बीच उसने मेरे ऊपर फायर कर दिया। फायर जमीन पर लगा। इसके बाद मेरे गनमैन ने इसके सिर पर बंदूक का बट मार दिया। मकराना के साथ तीन लोग और थे। हमने उन सभी को पकड़ लिया।'

उधर, महिपाल की पत्नी वर्षा का कहना है कि महिपाल सिंह को धोखे से बुलाकर मारा गया है। उनको पता था ये आदमी अकेला आएगा। उन्होंने पहले से 40 लोग इकट्ठा कर रखे थे। उन्हें बुरी तरीके से मारा है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को भी इसी तरह धोखे से मारा गया था। उन्होंने मुझे अभी इतना बताया है, धोखे से बुलाकर मारा गया है। फायरिंग शिव सिंह तरफ से हुई है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि दोनों के पास गनमैन हैं। गनमैन से भी घटना को लेकर पूछताछ की जाएगी। राष्ट्रीय करणी सेना के कार्यालय से लिए गए सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। डीसीपी पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि दो पक्षों में झगड़े और फायरिंग की सूचना मिली थी। बुलेट का शेल मौके पर मिला है। फायरिंग में किसी को चोट नहीं लगी है। मारपीट में चोट लगी है। फिलहाल दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से शिव सिंह शेखावत और महिपाल सिंह मकराना के बीच राजपूत समाज में वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार रात को हुई घटना को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। दोनों ही गुट लंबे समय से एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी करते आए हैं।

## दुर्गाष्टमी आज, देवी मंदिरों में होंगे विशेष अनुष्ठान

**जयपुर।** आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। शिव योग, सिद्ध योग, रवि योग, जयद् योग में अष्टमी पर दस महाविद्या में मां बगलामुखी और मां दुर्गा के महागौरी रूप में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिरों में दुर्गा कवच पाठ, सप्तशती पाठ के साथ हवन होंगे। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि दस महाविद्या में मां बगलामुखी की साधना दुश्मन के भय से मुक्ति और वाक सिद्धि के लिए की जाती है। जो साधक गुप्त नवरात्रि में इनकी साधना करता है वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। महाभारत के युद्ध में कृष्ण और अर्जुन ने कौरवों पर विजय हासिल करने के लिए माता बगलामुखी की पूजा की थी। मंदिरों में गुप्त साधना करने वाले साथ संकल्पित मंत्रों की महाष्टमी पर विशेष आराधना करेंगे। गुप्त नवरात्र का समापन पर मंदिरों में 15 जुलाई को श्रद्धालुओं द्वारा देवी का मनोरथ श्रृंगार किया जाएगा। दुर्गा कवच, सप्तशती पाठ किया जाएगा। घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर में पुष्पांजलि, सप्तशती मंत्र से जगत कल्याण के लिए आहुतियां दी जाएंगी।

# मुख्यमंत्री से केंद्रीय कृषि मंत्री ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के राज्य बजट में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। इस अवसर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी उपस्थित रहे।

# मिश्र से मूलचंदानी की शिष्टाचार भेंट



**राज्यपाल कलराज मिश्र से शनिवार को राजभवन में राज्य मानवाधिकार आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष गंगाराम मूलचंदानी ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।**

# फरार बदमाश को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

**जयपुर।** चोरी के मामले में फरार चले से आरोपी को गिरफ्तार करने गई प्रताप नगर थाना पुलिस के दो कॉन्स्टेबल पर आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जान लेवा हमला कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोटखावदा पुलिस ने दोनो घायल कॉन्स्टेबलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे नकबजन को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के बताए अनुसार विष्णु कुमार राहगीरों से मोबाइल लूटने व चेन स्नेचिंग के तीन अलग -अलग मामलों में फरार चल रहा था। सूचना पर प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम कोटखावदा पहुंची । तभी पुलिस के पांच-छह जवानों को देखते ही विष्णु ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी ,डंडे से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस टीम पर हुए हमले में कॉन्स्टेबल वेद प्रकाश का हाथ फ्रेक्चर हो गया वही कॉन्स्टेबल शंकर के सिर में गंभीर चोट आई। पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में दोनो कॉन्स्टेबल पर गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस कर्मियों पर हमला होते देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल अवस्था में दोनो कॉन्स्टेबलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विष्णु और उसके परिजनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपी विष्णु को पुलिस की गिरफ्तारी से बचाने के लिए विष्णु के परिजनों के सरकारी जीप पर भी लाठी,डंडे से तोड़फोड़ की। पुलिस ने इस बीच काफी समझाईश का प्रयास किया। लेकिन गुस्सए परिजनों ने पुलिस कर्मियों को दौड़ -दौड़ा कर पीटा। कंट्रोल रुम को सूचना देते वक्त आरोपी विष्णु ने पुलिस कर्मियों का वायरलैंस छीनने का भी प्रयास किया।

# पति के सामने ही युवक के साथ बाइक पर फरार हुई विवाहिता

**जयपुर।** प्रतापनगर थाना इलाके में शादी के कुछ दिन बाद ही विवाहिता अपने पति के सामने ही दूसरे युवक के साथ बाइक पर सवार होकर भाग निकली। दुल्हन अपने साथ नकदी व गहने भी ले गई। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 35 वर्षीय दूल्हे ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित विक्रम और उसकी पत्नी घर मिलने आए थे। बातचीत के दौरान आरोपी दंपती ने उसकी शादी करवाने का झांसा दिया। शादी कराने की एवज में 2 लाख रुपए की डिमांड की। कुछ दिन बाद शादी के लिए लड़की बुलाकर दिखाई। पसंद आने पर शादी कराने के एवज में 2 लाख रुपए ले लिए। गत 12 जून को प्रताप नगर स्थित एक मंदिर में शादी करवा दी। दूल्हा-दुल्हन के बीच 500 रुपए के स्टाम्प पर शादी का समझौता हुआ। चार-पांच दिन ससुराल में रहने के दौरान गांव में कुछ रस्म निभाने चलने का बहाना बनाया। गत 17 जून को दूल्हे को साथ लेकर दुल्हन अपने गांव ले गई। अगले दिन सुबह पहुंचने पर मकान के बाहर लॉक लगा मिला। दुल्हन ने कॉल पर किसी से बात करने के बाद दूल्हे को बताया कि मां किसी रिश्तेदार के घर गई है। दो-तीन घंटे में वापस लौट आएगी। उसके कुछ देर बाद बुलेट सवार युवक घर के बाहर आकर रुका। दूल्हे के सामने ही गहने-कैश और कीमती सामान का बैग उठाकर दुल्हन बुलेट सवार साथी के साथ बैठकर चली गई। इंतजार के दौरान दूल्हे को धोखा देकर दुल्हन के भागने का पता चला।

इसी तरह हरमाड़ा थाना इलाके में एक विवाहिता घर से नकदी व जेवरात समेट कर प्रेमी के संग भाग गई। पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा निवासी 35 साल के युवक ने मामला दर्ज करवाया कि साल-2012 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। 5 जून को जॉब पर गया था। दोपहर करीब 12 बजे बेटे ने पिता को कॉल कर मम्मी के ऑटो रिक्शा में बैठकर जाने की जानकारी दी। बिना बताए पत्नी के जाने का पता चलने पर पति घर पहुंचा। घर में रखी अलमारी को संभालने पर लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और 3 हजार रुपए गायब मिले। रिश्तेदारों-परिचितों के यहां ढूंढने पर भी पत्नी का पता नहीं चल सका। गत 4 अप्रेल को भी बिना बताए पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। हरमाड़ा थाने में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करवाने पर पुलिस ने तलाश शुरू की। पुलिस टीम लापता पत्नी और उसके प्रेमी को सूरत गुजरात से पकड़कर लाई थी। जयपुर वापस लाने पर पत्नी ने मांफी मांगकर दोबारा गलती नहीं करने की कहा था।

# हाईकोर्ट सहित अधीनस्थ अदालतों में राजीनामा से 27.85 लाख प्रकरणों का निस्तारण

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 5.43 लाख लंबित मुकदमों सहित कुल 27.85 लाख मुकदमों का निस्तारण किया गया।

वहीं 15.67 अरब रुपए के अवार्ड जारी किए गए। इस मौके पर प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पंकज भंडारी ने कहा कि हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में लाखों की संख्या में मुकदमे लंबित चल रहे हैं। ऐसे में लोक अदालत के जरिए यदि इनमें से मुकदमें तय होते है तो भी यह बडी उपलब्धि रहेगी। गत लोक अदालत में अधीनस्थ अदालतों में लंबित करीब 13 फीसदी प्रकरणों का निस्तारण किया गया था। लोक अदालत को लेकर प्राधिकरण के सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि लोक अदालत में लाखों की संख्या में प्री-लिटिगेशन और लंबित मुकदमों को सूचीबद्ध किया गया है। इन मुकदमों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ अदालतों में कुल 514 बेंचों का गठन किया गया है। वहीं हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ में पांच बेंच और जयपुर पीठ में चार बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में राजीनामा हो सकने वाले सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक सहित अन्य प्रकृति के प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की आपसी सहमति से प्रकरण का निस्तारण किया जाता है। इसमें न किसी की हार होती है और न किसी की जीत। आपसी सहमति से निस्तारण होने के चलते संबंधित मुकदमे में अपील भी नहीं होती और उसका अंतिम रूप से निस्तारण हो जाता है।

## भागवत कथा का शुभारंभ

**जयपुर।** सीकर रोड की शिव विहार कॉलोनी में शनिवार को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा रोड नंबर पांच स्थित श्री श्याम धाम आश्रम से शुरू होकर कथा स्थल पर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का स्थानीय निवासियों और जन प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एक की वेशभूषा में सिर पर तुलसी के पौधे लगे गमले लेकर चल रही थीं। कथा स्थल पर व्यासपीठ की पूजा और आरती की। व्यासपीठ से निंबाकाचार्य पीठाधीश्वर राधा मोहन शरण देवाचार्य ने भागवत कथा के महात्म्य का श्रवण कराया।

## घर-घर में बांटे पौधे

**जयपुर।** करधनी गायत्री महिला मंडल की ओर से गोविंदपुरा के विभिन्न पार्क में पौधरोपण किया जा रहा है। बालाजी विहार में सुशील शर्मा का जन्मदिन मनाकर वृक्षरोपण किया गया। कमल सिंह नरुका, हेमंत मिश्रा ने नर्सरी से पौधे खरीद कर घर-घर वितररित किए।

# चातुर्मास में भगवान भोलेनाथ संभालेंगे सृष्टि का संचालन

**जयपुर।** आषाढ़ शुक्ल एकादशी, 17 जुलाई को भगवान श्रीहरि विष्णु सृष्टि की सत्ता के संचालन का भार भगवान भोलेनाथ को सौंपकर 118 दिन के लिए योग निद्रा में जाकर विश्राम करेंगे। आदिदेव महादेव सृष्टि का कार्यभार 11 नवंबर तक अपने पास रखेंगे और 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर पुन: श्रीहरि के जागने पर उन्हें सत्ता सौंप देंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर इस बार तीन खास योगों का संयोग बन रहा है, जो आगामी चार माह के लिए शुभ फलदायी एवं मंगलकारी रहेंगे। इनमें सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि और बुधादित्य योग रहेगा। देवशयनी एकादशी पर इस बार सूर्योदय से रात 11.18 तक सर्वार्थ एवं अमृत सिद्धि योग एक साथ रहेंगे। सूर्य और बुध के कर्क राशि में एक साथ रहने से बुधादित्य योग भी रहेगा। यह तीनों योग खरीदारी एवं कार्यों की सफलता के लिए श्रेष्ठ माने जाते हैं। देवशयनी एकादशी से शुरू हो रहे चातुर्मास के साथ जैन एवं बौद्ध संतों का वर्षावास भी शुरु हो जाएगा। इस अवधि में मांगलिक कार्य नही होंगे, परंतु पूजा, कथा, प्रवचन होंगे और व्रत भी त्योहार मनाए जाएंगे। इन चार माह में श्रीहरि की उपासना का अभीष्ठ फल प्राप्त होगा। चातुर्मास में कथा प्रवचन कराने और श्रवण करने का कई गुना फल प्राप्त होता है। इन चार माह में शाकाहार का पालन करने वाले लोग विभिन्न शारीरिक कष्ट व्याधियों से बचे रहेंगे।।

## भडल्या नवमी को रहेगी शादियों की धूम

**जयपुर।** गृह प्रवेश-विवाह मंगल कार्यों का आखिरी मुहूर्त 15 जुलाई को भड़ल्या नवमी को है। इसके बाद 17 जुलाई से देवशयन काल शुरू हो जाएगा, जो 11 नवंबर तक रहेगा। इस बार देवशयन काल 118 दिनों का रहेगा। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ फिर से विवाह आदि मंगल कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। नवंबर-दिसंबर में विवाह के मुहूर्त हैं। अगले साल जनवरी-2025 में विवाह के सबसे ज्यादा मुहूर्त हैं। भड़ल्या नवमी के अबूझ मुहूर्त में बंपर शादियां होंगी। भड़ल्या नवमी के बाद चातुर्मास की शुरुआत होगी। चातुर्मास में विवाह नहीं होंगे पर कथा, सत्संग, पूजन हो सकेंगे।

## अक्षत शर्मा का स्लाइड गिटार वादन आज

**जयपुर।** गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की ओर से रविवार शाम 6 बजे यहां कालवाड़ रोड, जयपुर स्थित कृष्ण कुंज विलास में भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या संजोई जाएगी। फाउंडेशन की डायरेक्टर स्वाति शर्मा ने बताया कि इस चौथे संस्करण के कार्यक्रम में कलाकार अक्षत शर्मा स्लाइड गिटार और साबिर खान सारंगी साज पर विभिन्न रागों के सुरीले सुरों की मिठास घोलेंगे।

# रीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार प्रदीप पाराशर को जेल भेजा

**जयपुर।** रीट पेपर लीक मामले के ईडी की हिरासत में चल रहे कथित मास्टर माइंड प्रदीप पाराशर की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उसे अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

रीट पेपर के लीक हुए पेपर शिक्षा संकुल में रखे गए थे। जिसके स्ट्रांग रूम की जिम्मेदारी पाराशर के पास थी। प्रवर्तन निदेशालय ने 10 जुलाई को परीक्षा संयोजक प्रदीप पाराशर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ने 3 दिन की रिमांड हासिल की। आज रिमांड अवधि समाप्त होने पर फिर पेश किया गया। अदालत में अवकाश होने के कारण न्यायाधीश के आवास पर पेश किया। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत क्रम संख्या 3, के न्यायाधीश सुनील रणवाह के आवास पर पेशी हुई। प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता शैलेंद्र अग्रवाल ने पैरवी की। जहां सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को 14 दिन न्यायिक अ3भरक्षा में भेजने के आदेश दिए। ईडी प्रदीप पाराशर के खिलाफ जांच कर रही है। पेपर लीक से अर्जित कालेधन के उपयोग की जांच हो रही है। अब 27 जुलाई को अदालत में मामले की अगली सुनवाई होगी।

# गाजे बाजे से जैन मुनि संघ का मंगल प्रवेश

**जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बाईस थालों में बाईस कलश से पाद प्रक्षालन के साथ मुनि संघ का गाजे बाजे और जयकारों के मध्य भव्य मंगल प्रवेश हुआ। करतारपुरा फाटक पर महिलाओं ने मंगल कलश के साथ मुनि संघ का स्वागत किया। जगह-जगह मुनि समत्व सागर, मुनि शील सागर का पाद प्रक्षालन और आरती कर स्वागत किया। मंदिर में अभिषेक के बाद मुनिश्री ने ऋद्धि मंत्रों युक्त शांति धारा कराई। जुलूस ने जिनालय में धर्म सभा का रूप ले लिया।

## भगवान नेमिनाथ के जयकारे गूंजेंगे

**जयपुर।** जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव रविवार को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन होंगे निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा।

# भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अपना स्थापना दिवस 15 जुलाई को मनाएगा

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अपना स्थापना दिवस 15 जुलाई को मनाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। वहीं प्रदेश भर की सभी एसीबी चौकियों में 15 से 19 जुलाई तक जागरुकता सप्ताह मनाया जाएगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि 15 जुलाई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अपना स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। एसीबी इसका राज्य स्तरीय कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस समारोह के माध्यम से समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी दिया जाएगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सरकारी अधिकारियों, भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी एवं प्रतिष्ठित नागरिकों एवं एसीबी टीम के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

मेहरड़ा ने बताया कि यह स्थापना दिवस टीम एसीबी को अपनी प्रतिबद्धता और लक्ष्यों की याद दिलाता है। साथ ही इसका उद्देश्य है, आमजन में भ्रष्टाचार के प्रति जागरुकता बढ़ाना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना। इसके अलावा प्रदेश भर की सभी एसीबी चौकियों में स्थापना दिवस के कार्यक्रम 15 जुलाई से 19 जुलाई तक जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें आमजन की सहभागिता भी रहेगी।

# 'माइंस विभाग की बजट घोषणाओं से खनिज खोज व खनन को मिलेगी नई दिशा'

- **मिशन मोड पर होगा क्रियान्वयन अधिकारियों को दिए रोडमैप के निर्देश : आनन्दी**

**जयपुर, (का.सं.)।** खान व भूविज्ञान विभाग की सचिव आनन्दी ने कहा है कि विभागीय बजट घोषणाओं की रोडमैप बना कर मिशन मोड़ पर क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माइंस सेक्टर के सभी पहलूओं का समावेश करते हुए बजट घोषणाएं की गई है और इससे प्रदेश में खनिज खोज-खनन कार्य को नई दिशा मिलेंगी व राजस्व व रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।




**खान व भूविज्ञान विभाग की सचिव आनन्दी ने डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल के साथ बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में उदयपुर में खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली।**

खान सचिव आनन्दी शनिवार को डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल के साथ बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में उदयपुर में खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ले रही थी।

उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में दिशानिर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं को तीन भागों में चिन्हित किया गया है। एक वह घोषणाएं जिनके क्रियान्वयन पर वित्तीय भार नहीं पड़ेगा और विभागीय स्तर पर ही परीक्षण कर प्रशासनिक व विधिक आदेष जारी किए जा सकते हैं। दूसरी वह घोषणाएं जिनके लागू करने पर सरकार पर वित्तीय भार तो नहीं पड़ेगा पर वित व कार्मिक आदि अन्य विभागों से सहमति ली जानी होगी। उन्होंने कहा कि तीसरी कैटेगरी में वह घोषणाएं हैं जिनको लागू करने पर सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा।

आनन्दी ने कहा कि तीनों कैटेगरी की सभी घोषणाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई तत्काल शुरु कर दी जाएं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा में सीएनजी पर वेट कम करने की घोषणा का क्रियान्वयन करते हुए आरएसजीएल के स्टेशनों पर कल रात से ही सीएनजी की दरों को कम कर बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन शुरु कर दिया है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की तीन कमेटियां बना दी गई है। कमेटी प्रभारियों को सभी पहलूओं पर अध्ययन कर तत्काल रिपोर्ट देने को कहा गया है ताकि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बैठक में एडीएम एमपी मीणा, दीपक तंवर, महेश माथुर, पीआर आमेटा, वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा, एसएमई कमलेश्वर बारेगामा, ओपी काबरा, एनके बैरवा, एनएस शक्तावत, जय गुरुबख्सानी, सीनियर एओ मयंक व्यास, एसीपी जयेश निनामा, एमई जिनेदिएश हुमड़, अंसारी, प्रोगामर दीप्ति पाण्डेय आदि ने सुझाव दिए।